प्रेशक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
किसान बाजार, प्रथम तल, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक- 2370 / w-1-A /43 दिनांक- 11-08-2026

**विषयः- दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.08.2026 प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज- जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.08.2026 प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज- जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' के फेज-IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत क्लस्टर- A की भौतिक प्रगति 39.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर- B की भौतिक प्रगति 39.50 प्रतिशत है। योजना दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर-बी हेतु 146.34 करोड़ का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है। विगत लगभग दो वर्षों से वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण Phase-IV के कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0-2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता

**दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.08.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज– जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

कार्यालय का नामः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।

## शिकायत का विवरण

**Link: https://www.amarujala.com/video/uttar-pradesh/kanpur/video-shuklaganj-jal-jeevan-mission-rural-project-delayed-now-set-for-completion-in-june-2027-2026-08-10**

**शुक्लागंजजल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य : पिछड़ा, अब जून 2027 में होगा पूरा**

जल निगम द्वारा जल जीवर मिशन ग्रामीण के अंतर्गत लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए वर्ष 2023 में कार्य शुरू कराया गया जिसे तीन साल में पूरा करना था लेकिन कई विभागीय कारणों की वजह से कार्य पिछड़ता गया और अब जून 2027 में कार्य पूरा होगा। वहीं फंड की अनुउपलब्धता होने का कारण बताया गया जबकि एनएच-31 पर भूमिगत पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए एनएचएआई द्वारा अनुमति न मिलने के कारण भी काम रूका रहा। कार्य अगले साल तक पूरा हो सके इसके लिए जल निगम की कार्यदायी एजेंसी मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के डीजीएम रवि दुवेदी सोमवार को सरैया रेलवे क्रॉसिंग आरओबी के नीचे हो रहे भूमिगत पेयजल पाइप लाइन डालने का कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। जिन्होंने बताया कि करीब 360 करोड़ का प्रोजेक्ट है जिससे जिले के करीब 1673 गांवों के लाखों लोगों को इस योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल मिलेगा। कार्य जून 2023 में शुरू हुआ था जिसे अगले दो साल में पूरा करना था लेकिन विभाग की ओर से फंड न मिलने से कार्य में कुछ व्यवधान आया, कुछ दिन पहले ही आधा फंड कंपनी को मिल गया जिसके बाद दिनरात तेजी से कार्य कराया जा रहा है। बताया कि नेशनल हाइवे संख्या 31 में भूमिगत पेयजल पाइप लाइन डाली जानी है लेकिन एनएचएआई द्वारा एनओसी अब तक नहीं मिली है जिसके लिए रिमाइंडर लेटर एनएचएआईई को भेजा जा चुका है। बताया कि कोरारी कला से गंगा बैराज इंटक वेल तक भूमिगत पेयजल पाइपलाइन डाली जानी है। 40 प्रतिशत कार्य पहले की पूर्ण हो चुका है और अब 60 प्रतिशत कार्य एक साल के अंदर कंपनी तेजी से कार्य करते हुए पूर्ण करेगी।

## आख्या

दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.05.2026 प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज– जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज–IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 27.07.2023 एवं योजना को दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव की 1037 ग्राम पंचायतों में सम्मिलित समस्त 1673 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु दो भागो मे विभक्त करते हुए क्लस्टर 'ए' (कार्यलागत–रू0 1584.47 करोड़) के अन्तर्गत 917 राजस्व ग्रामों एवं क्लस्टर 'बी' (कार्यलागत– रू0 1357.50 करोड़) के अन्तर्गत 756 राजस्व ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु कार्यो का विवरण एवं प्रगति निम्नवत है–

| | उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–ए) | | उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–बी) | |
|---|---|---|---|---|
| **कम्पोनेन्ट** | **कुल कम्पोनेन्ट्स** | **कार्य की प्रगति** | **कुल कम्पोनेन्ट्स** | **कार्य की प्रगति** |
| इण्टेकवेल | 01 No. (359MLD) | 01 WIP (75.00%) | - | - |
| वाटर ट्रीटमेंट प्लांट | 01 No. (170MLD) | 01 WIP (58.51%) | 01 No. (130MLD) | 01 WIP (61.30%) |
| क्लियर वाटर रिजरवायर | 28 Nos. | 25 WIP (19.81%) | 27 Nos. | 27 WIP (27.96%) |
| ओवर हेड टैंक | 239 Nos. | 210 WIP (22.64%) | 205 Nos. | 188 WIP (23.25%) |
| रॉ वाटर पाइप लाइन | 1.10 Km. | 0.89km(80.90%) | 29.80 Km. | 9.33Km. (33.33%) |
| वितरण पाइप लाइन | 6862.46 Km. | 3713.90 km (53.33%) | 5960.65 Km. | 3502.95 km (57.54%) |
| रोड कटिंग/पुर्नस्थापना | 1203.55 Km. | 1088.59 km (90.45%) | 1211.62 Km. | 1129.63 km (93.23%) |
| गृह नल संयोजन संख्या | 265431 Nos. | 55906 Nos. (21.06%) | 189798 Nos. | 47451 Nos. (25.00%) |

चयनित एजेन्सी मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा वर्तमान में इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–बी), डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–ए), 398 Nos. OHT, 52 Nos. CWR, 190 नग अवर जलाशय की बाउण्ड्रीवाल के कार्य प्रारम्भ कराये गये हैं, 1327 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 7216.85 किमी. वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु 2415.17 कि.मी. सड़क काटी गयी जिसके सापेक्ष 2218.19 किमी (91.84%) सड़क पुनर्स्थापना तथा अवशेष सड़क को मोटरेबल करने का कार्य किया गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। योजना के इनटेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, रॉ वाटर राइजिंग मेन, क्लियर वाटर राइजिंग मेन, सी.डब्ल्यू.आर. तथा शिरोपरि जलाशय के कार्यों के पूर्ण होने के उपरान्त FHTC के माध्यम शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। वर्तमान में जल जीवन मिशन (फेज–IV) के अन्तर्गत निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। योजनान्तर्गत क्लस्टर–A की भौतिक प्रगति 39.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर–B की भौतिक प्रगति 39.50 प्रतिशत है।

| | |
|---|---|
| | भारत सरकार से विगत माह जुलाई 2024 से कोई भी धनराशि प्राप्त नही हुयी है तथा माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर–बी हेतु 146.34 करोड़ का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है। योजना पर फर्म की लम्बित देयता का भुगतान तथा भविष्य में योजना की स्वीकृत धनराशि की सतत उपलब्धता भारत सरकार/राज्य सरकार से प्राप्त होने पर योजना की प्रगति निर्धारित समयावधि में प्राप्त की जा सकेगी। विगत लगभग दो वर्षों से वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण जनपद में निर्माणाधीन योजनाओं के कार्यों की प्रगति प्रभावित हुयी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0–2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। |

अधिशासी अभियन्ता

प्रेशक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
किसान बाजार, प्रथम तल, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक- 2370 / w-1-A / 43 दिनांक- 11.08.2026

**विषयः- दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.08.2026 प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज- जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में दिनांक 10.08.2026 प्रकाशित खबर शीर्षक "शुक्लागंज- जल जीवन मिशन ग्रामीण का कार्य पिछड़ा, अब जून 2027 में पूरा होगा" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' के फेज-IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत क्लस्टर- A की भौतिक प्रगति 39.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर- B की भौतिक प्रगति 39.50 प्रतिशत है। योजना दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर-बी हेतु 146.34 करोड़ का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है। विगत लगभग दो वर्षों से वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण Phase-IV के कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0-2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता